हरिभूमि
# कोरिया भूमि
बिलासपुर, सोमवार 27 अक्टूबर 2025
बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 22 डिग्री

2 आधा दर्जन से अधिक गांवों में जल जीवन मिशन का निर्माण अधूरा



छठघाट सजकर तैयार : खरना के बाद 36 घंटे का व्रत शुरू

# श्रद्धालु आज देंगे भगवान सूर्य को पहला अर्घ्य



तैयार छठघाट।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

शहर समेत जिलेभर में छठ महापर्व को लेकर श्रद्धालुओं एवं लोगों में उत्साह है। छठ के पूजा-अर्चना के लिए छठघाट को आकर्षक रूप से सजाया जा रहा है। 27 अक्टूबर को व्रती छठ महापर्व के तीसरे दिन अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को पहला अर्घ्य देंगे।

विदित हो कि 26 अक्टूबर को दिनभर उपवास रहकर शाम में शुद्धता व पवित्रता के साथ व्रती महिलाएं खरना का प्रसाद तैयार किए। इसी दिन दोपहर में घाट बंधान कार्य किया गया। शाम ढलने के बाद व्रतियों के द्वारा खरना का प्रसाद ग्रहण किया। इसके बाद से ही 36 घंटे तक निर्जला उपवास शुरु हो गया। सोमवार को अस्ताचलगामी सूर्य को प्रथम अर्घ्य व इसके दूसरे दिन मंगलवार को उदियमान सूर्य को द्वितीय अर्घ्य दिया जाएगा। त्याग और पवित्रता के प्रतीक महापर्व छठ को लेकर जिले समेत शहर में चहुंओर भक्ति की बयार बहने लगी है। घरों पर छठ की गीतों से पूरा वातावरण भक्तिमय होने लगा है। आस्था का पर्व छठ को लेकर व्रती महिलाओं ने इसकी महत्ता को लेकर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। महिलाओं का कहना है कि यह मनोवांछित फल प्रदान करने वाली पूजा है। छठ पर्व में पवित्रता का विशेष ध्यान रखा जाता है। इस पर्व को करने से एक अलग आत्मानुभूति की प्राप्ति होती है। साथ ही तेजस्विता का ▶▶ शेष पेज 4 पर



रात्रि में जगमगा रहा छठघाट।

### मिट्टी के चूल्हे पर बना प्रसाद

खरना के दिन महिलाएं मिट्टी का नया चूल्हा बनाकर आम की लकड़ी से उसमें आग जलाई। इसके बाद छठी मईया का प्रसाद बनाया। प्रसाद में साठी के चावलों, गुड़ व दूध से खीर बनाई। छठ व्रतधारी सूर्य देवता और छठी मईया को यह प्रसाद अर्पित किया और लोगों को प्रसाद का वितरण किया।

## नशीली दवाओं की बिक्री करने वाले आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मनेन्द्रगढ़



रिफ्तार आरोपी।

एमसीबी जिले के पुलिस अधीक्षक द्वारा नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने और प्रभावी कार्रवाई करने के लगातार निर्देश दिए जा रहे हैं। इसी के तहत थाना जनकपुर पुलिस ने नशे के अवैध कारोबार पर कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को नशीली कफ सिरप के साथ गिरफ्तार किया है।

पुलिस सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम भरतपुर निवासी अंकित शर्मा उर्फ अंकुश पिता स्व. हेमंत शर्मा और उसका साथी निशांत सिंह पिता जमादार सिंह निवासी जनकपुर गंगा मोहल्ला अवैध रूप से नशीली सिरप बेचने का काम करते हैं। दोनों आरोपी मोटरसाइकिल से मध्यप्रदेश सीमावर्ती क्षेत्र से होकर बनास नदी कैलाश मंदिर घाट मार्ग से देवगढ़ होते हुए भरतपुर की ओर आ रहे हैं। सूचना पर पुलिस अधीक्षक चंद्रमोहन सिंह द्वारा त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इसके परिपालन में एसडीओपी भरतपुर आरके मिश्रा के मार्गदर्शन और थाना प्रभारी जनकपुर ओमप्रकाश दुबे के नेतृत्व में टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने कैलाश मंदिर घाट डोंगरीटोला के पास घेराबंदी कर दोनों संदिग्धों को पकड़ा। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम अंकित शर्मा और निशांत सिंह बताया। इन पर एनडीपीएस एक्ट के तहत की गई। आरोपियों के कब्जे से कुल 8 नग विंग्स बायोटेक ऑनरेक्स कफ सिरप जब्त किया गया। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में सहायक उपनिरीक्षक दिनेश चौहान, प्रधान आरक्षक संदीप बागीस, संजय कुमार पाण्डेय मदनलाल राजवाड़े, आरक्षक सूर्यपाल सिंह, सहायक आरक्षक विष्णु यादव शामिल रहे।

## खबर संक्षेप

### पण्डो जनजाति के रामदेव बने मिसाल



**बैकुण्ठपुर।** जिले के दूरस्थ ग्राम जामपानी निवासी पंडो जनजाति के होनहार छात्र रामदेव पंडो ने अपने परिश्रम और लगन से न केवल परिवार, बल्कि पूरे समाज को गौरवान्वित किया है। शिक्षा सत्र 2024-25 की दसवीं बोर्ड परीक्षा में उन्होंने 86 प्रतिशत अंक अर्जित कर क्षेत्र में नई प्रेरणा की मिसाल पेश की है। रामदेव के पिता बुधराम पंडो किसान हैं, जबकि मां श्रीमती रामबाई पंडो आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद परिवार ने बेटे की शिक्षा में कोई कसर नहीं छोड़ी। बड़े भाई रडजीत पंडो ने बताया कि उनके समाज और गांव से इतने अच्छे अंक पाने वाले संभवतः रामदेव पहले छात्र हैं। रामदेव ने बताया कि वे प्रतिदिन 6 से 7 घंटे नियमित अध्ययन करते थे। उन्होंने कहा कि बिजली की उपलब्धता ने पढ़ाई आसान बना दी। बड़े भाई लालटेन में पढ़ते थे, मुझे बिजली की रोशनी का लाभ मिला। छग की विकास यात्रा के इन 25 वर्षों में राज्य के सबसे दूरस्थ इलाकों तक शिक्षा और बिजली पहुंचने से अब हर घर में नई उम्मीदें जग रही हैं। पहले जो बच्चे शिक्षा से दूर थे, वे आज डॉक्टर, इंजीनियर और अधिकारी बनने के सपने देख रहे हैं। वर्तमान में रामदेव स्वामी आत्मानंद स्कूल, खरवत चौक में विज्ञान विषय लेकर कक्षा 11वीं की पढ़ाई कर रहे हैं।

### कार्य क्रियान्वयन के लिए प्रशिक्षण 29 से

**बलरामपुर।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में धान उपार्जन कार्य के सफल क्रियान्वयन के लिए 29 से 31 अक्टूबर तक प्रातः 11.30 बजे से विभिन्न स्तर का प्रशिक्षण संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। 29 अक्टूबर को सर्व समिति प्रबंधक, उपार्जन केन्द्र प्रभारी एवं डाटा एन्ट्री आपरेटर को धान उपार्जन के दायित्वों के संबंध में प्रशिक्षण, 30 अक्टूबर को धान उपार्जन केन्द्रवार सर्व नोडल अधिकारियों को धान उपार्जन केन्द्र में उचित व्यवस्था हेतु प्रशिक्षण, 31 अक्टूबर को सर्व एसडीएम, तहसीलदार-नायब तहसीलदार, सहायक खाद्य अधिकारी-खाद्य निरीक्षक, उप संचालक कृषि एवं सर्व कृषि विकास अधिकारियों, सचिव कृषि उपज मंडी समिति सहाकारिता विभाग से सहायक आयुक्त, सह.वि.अधि. सहकारी बैंक के नोडल एवं पर्यवेक्षको को धान एवं चावल उपार्जन की निगरानी हेतु व्हीकल ट्रेकिंग सिस्टम-कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर तथा उड़नदस्ता टीम की कार्यवाही हेतु प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### कर्मचारी लेंगे सर्तकता जागरूकता प्रतिज्ञा

**बलरामपुर।** छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार 27 अक्टूबर से 2 नवंबर तक सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी की थीम पर सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जाएगा। साथ ही जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत 28 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे संयुक्त जिला कार्यालय के प्रांगण में अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा सतर्कता जागरूकता प्रतिज्ञा ली जाएगी।

### अवैध धान परिवहन रोकने टीम गठित

**बलरामपुर।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में धान उपार्जन एवं निराकरण के सुचारू संपादन एवं संभावित अवैध परिवहन रोकथाम एवं निगरानी तथा रिसाईकलिंग को नियंत्रित किए जाने हेतु विपणन संघ मुख्यालय स्तर पर कमांड एण्ड कण्ट्रोल सेन्टर की स्थापना की गई है। जिला स्तर पर अवैध धान परिवहन एवं धान उपार्जन की निगरानी करने हेतु तथा प्राप्त अलर्ट के समाधान हेतु जिला स्तरीय एकीकृत कमाण्ड एण्ड कंट्रोल सेंटर टीम-उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है।

## अग्रसेन महिला मंडल की नई कार्यकारिणी घोषित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मनेन्द्रगढ़

अग्रसेन महिला मंडल मनेन्द्रगढ़ द्वारा दीपावली मिलन समारोह के साथ नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह भव्य रूप से आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम अग्रसेन भवन मनेन्द्रगढ़ में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर सभी अग्र बंधुओ को सपरिवार आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम के दौरान श्री रामलला की आकर्षक झांकी का दर्शन कराया गया, जिसका संयोजन एकता ब्यूटी पार्लर की संचालिका निधि अग्रवाल ने किया। श्रीराम लला की झांकी ने उपस्थितजन को भाव-विभोर कर दिया। अग्रसेन महिला मंडल की नई कार्यकारिणी घोषित की गई। इसमें अध्यक्ष उर्मिला अग्रवाल, उपाध्यक्ष पुष्पा अग्रवाल, आशा अग्रवाल, वंदना अग्रवाल, कोषाध्यक्ष माधुरी अग्रवाल, सचिव निधि अग्रवाल, सह-सचिव की जिम्मेदारी रागिनी अग्रवाल, कविता अग्रवाल, अमिता अग्रवाल को सौंपी गई। वहीं मंडल प्रभारी के रूप में चंदा अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल, रजनी अग्रवाल, रागिनी अग्रवाल को बनाया गया। नई कार्यकारिणी ने समाज सेवा, महिला सशक्तिकरण तथा संगठन की गतिविधियों को और अधिक गतिशील एवं प्रभावी रूप से संचालित करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर समाजसेवी एवं नगर की महिलाएं काफी संख्या में उपस्थित रहीं। अग्रसेन महिला मंडल की नवनियुक्त अध्यक्ष उर्मिला अग्रवाल ने कहा कि अग्रसेन महिला मंडल के इस गरिमामय शपथ ग्रहण एवं दीपावली मिलन समारोह में आप सभी की उपस्थिति हमारे लिए प्रेरणादायी है।

- उर्मिला अध्यक्ष-निधि को मिली सचिव पद की जिम्मेदारी

समाज और संगठन के प्रति समर्पित भाव से कार्य करना ही हमारा संकल्प है। हम अग्रवाल समाज की परंपराएं, संस्कृति और सेवा भावना को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर सक्रिय रहेंगी। महिलाओं के आत्म-सम्मान, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामूहिक विकास की दिशा में हम नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ेंगे। महिला मंडल की सचिव निधि अग्रवाल ने कहा कि मैं अग्रसेन महिला मंडल के सभी सदस्यों एवं अतिथिगणों का स्वागत करती हूं। नई कार्यकारिणी के रूप में हमें जो दायित्व सौंपा गया है, उसे हम पूरे मनोयोग और पारदर्शिता के साथ निभाएंगे। हमारी योजनाओं में सांस्कृतिक कार्यक्रम, समाजसेवा, कौशल विकास एवं महिला सशक्तिकरण की विविध गतिविधियां शामिल रहेंगी।

### पीएम के खिलाफ टिप्पणी करने पर शिक्षक गिरफ्तार

**बलरामपुर।** प्रधान मंत्री के खिलाफ सोशल मीडिया फेसबुक पर आपत्तिजनक टिपण्णी करने के मामले में पुलिस ने शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया है। बता दें कि शासकीय प्राथमिक शाला मक्याठी के सहायक शिक्षक ईश्वरी प्रसाद टंडन प्रधानमंत्री के खिलाफ फेसबुक पर आपत्तिजनक टिप्पणी की गई थी। इस मामले में जिला शिक्षा अधिकारी के कार्रवाई करते हुए शिक्षक को निलंबित कर दिया था जबकि भाजपा कार्यकर्ता बकड़ीमहरी निवसी विजय प्रताप सिंह द्वारा इस मामले की शिकायत पुलिस से की गई थी। शिकायत के बाद कोतवाली पुलिस ने शिक्षक जांजगीर चांपा निवासी 47 वर्षीय ईश्वरी प्रसाद टंडन आ. स्व. राजकुमार टंडन के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 352, 353(1), 363(1), (353) के तहत कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## नवपदस्थ एसपी रत्ना ने छठ घाटों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मनेन्द्रगढ़



नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती रत्ना सिंह ने छठ महापर्व के अवसर पर रविवार को नगर एवं आसपास के छठ घाटों का निरीक्षण किया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, सफाई, बैरिकेटिंग, प्रकाश व्यवस्था और भीड़ नियंत्रण की तैयारियों का विस्तृत रूप से जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

एसपी ने कहा कि छठ महापर्व आस्था और संयम का उत्सव है। श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुव्यवस्थित वातावरण उपलब्ध कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान कोतवाली प्रभारी सुनील तिवारी, थाना प्रभारी, आरक्षक बल एवं प्रशासनिक अमला मौजूद रहे। पर्व पर शहर के प्रमुख छठ घाटों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। रंगीन लाइटिंग, तोरण द्वार, थीम आधारित सजावट तथा लोक संस्कृति प्रदर्शित करने वाले तत्व घाटों की खूबसूरती बढ़ा रहे हैं।

**इन स्थानों पर होगा महापर्वः** केवल नगर ही नहीं बल्कि जिले के कई क्षेत्रों जैसे चिरमिरी, भरतपुर,नागपुर कोयलांचल क्षेत्र राजनगर, रामनगर, बिजुरी, कोतमा के प्रमुख तालाब एवं नदी तटों पर भी छठ पर्व उत्साह और आस्था के साथ मनाया जा रहा है। पुलिस एवं प्रशासन द्वारा प्रत्येक स्थल पर आवश्यक सुरक्षा बल एवं निगरानी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। स्थानीय नागरिकों ने पुलिस प्रशासन की मुस्तैदी और तत्परता की सराहना करते हुए कहा कि इस बार छठ पूजा शांति, भक्ति और सुरक्षित माहौल में संपन्न होने की पूर्ण संभावना है। इस मौके पर नपाध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा यादव ने कहा कि छठ महापर्व छग व पूरे देश की आस्था, अनुशासन और पवित्रता का प्रतीक है। हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि प्रत्येक श्रद्धालु बिना किसी बाधा के सूर्योपासना कर सके। थाना प्रभारी सुनील तिवारी ने बताया कि सभी छठ घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया है। भीड़ नियंत्रण, जल सुरक्षा, यातायात प्रबंधन और महिला सुरक्षा को प्राथमिकता में रखते हुए समुचित पुलिस बल तैनात किया गया है।

एसडीओपी एलेक्स टोप्पो ने कहा कि हमने अधिकारी एवं जवानों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वे संवेदनशीलता और त्वरित प्रतिक्रिया के साथ अपनी ड्यूटी निभाएं। हर घाट पर प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग, फायर सेफ्टी, एंबुलेंस और मेडिकल सहायता की तैयारी सुनिश्चित की गई है। उल्लेखनीय है कि जिले के कई स्थानों पर यह पर्व मनाया जाता है, जिसके लिए ग्रामीण क्षेत्रों में भी निगरानी बढ़ाई गई है। मोबाइल पेट्रोलिंग के ▶▶ शेष पेज 4 पर

## ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन



**बैकुण्ठपुर।** ग्राम पंचायत कंचनपुर में रविवार को ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन बड़े ही उत्साह और जोश के साथ किया गया।

यह कार्यक्रम मेरा युवा भारत कोरिया (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार) के संयुक्त तत्वावधान में तथा जिला युवा अधिकारी सौरभ कुमार निषाद के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, शिक्षक, पंचायत प्रतिनिधि और समाजसेवीगण उपस्थित रहे। खेलकूद प्रतियोगिता में ब्लॉक के विभिन्न ग्राम पंचायतों से आए सैकड़ों प्रतिभागियों ने भाग लिया।



प्रतियोगिता में कबड्डी, दौड़, वॉलीबॉल, लंबीकूद, खो-खो जैसे कई रोमांचक खेलों का आयोजन किया गया। खिलाड़ियों ने अपने खेल प्रदर्शन से दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी। विजेताओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। मुख्य अतिथियों ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं ग्रामीण अंचल में खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करती हैं और युवाओं को नशामुक्त, अनुशासित और स्वस्थ जीवन की ओर प्रेरित करती हैं। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस व एनवाईके के स्वयंसेवकों ने किया और अंत में विजेताओं को सम्मानित कर कार्यक्रम का समापन राष्टगान के साथ किया गया।

### एनएच किनारे तीन ट्रकों से 680 लीटर डीजल चोरी

**अंबिकापुर।** अंबिकापुर बिलासपुर एनएच 130 स्थित ढाबे पास खड़े तीन ट्रकों से 680 लीटर डीजल चोरी का मामला सामने आया है। जानकारी के मुताबिक झारखंड के गढ़वा निवासी 24 वर्षीय सोनू प्रसाद यादव ने 24 अक्टूबर को शिकायत दर्ज कराई है कि वह ट्रक क्रं. सीजी 04 क्यूएल 3477 से रायपुर से क्लिंकर लोड कर दो अन्य ट्रकों के साथ औरंगाबाद जाने निकला था। इस दौरान नेशनल हाईवे 130 स्थित सिंगीटाना नरेंद्र ढाबा के पास ट्रकों को खड़ा करके ट्रक के अंदर सो रहे थे। 23 व 24 अक्टूबर की दरमियानी रात अज्ञात चोरों ने ट्रक क्रं. सीजी 04 क्यूएल 2477 से 300 लीटर कीमत 28500 रुपए, सीजी 15 ईए 8003 से 180 लीटर कीमत 17100, सीजी 15 ईए 7004 200 लीटर कीमत 19000 रुपए कुल 3 ट्रकों से 680 लीटर डीजल कीमत 64600 अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया है।

जिला मुख्यालय में 2 से राज्योत्सव का आयोजन

## कलेक्टर ने किया राज्योत्सव की तैयारी का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी रविवार को बैकुंठपुर के शासकीय आदर्श रामानुज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्थित मिनी स्टेडियम पहुंची और आगामी राज्योत्सव की तैयारियों का निरीक्षण किया।

उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को समय-सीमा के भीतर सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक व्यवस्था, बिजली, पानी, साफ-सफाई, सुरक्षा, बैरिकेटिंग, यातायात प्रबंधन तथा मंच की साज-सज्जा जैसी तैयारियों की विस्तृत जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



निरीक्षण करती कलेक्टर चंदन त्रिपाठी।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक विभाग अपने-अपने आवंटित स्टॉल में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रदर्शन आकर्षक ढंग से करें, ताकि नागरिकों को योजनाओं की जानकारी सरलता से मिल सके। राज्योत्सव के दौरान स्कूली बच्चों और लोक कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। साथ ही शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी नागरिकों को दी जाएगी, ताकि वे उनका लाभ उठा सकें। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने कहा कि छग स्थापना का यह रजत वर्ष प्रदेश के गौरव और उपलब्धियों का प्रतीक है। पिछले 25 वर्षों में कोरिया जिले ने विकास के कई प्रतिमान स्थापित किए हैं।

उन्होंने सभी कार्यालय प्रमुखों को निर्देशित किया कि 1 से 5 नवंबर तक सभी शासकीय भवनों में प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर सुरेन्द्र प्रसाद वैद्य, एसडीएम उमेश पटेल, लोक निर्माण, वन, उद्यानिकी, कृषि, स्वास्थ्य, ऊर्जा, नगरीय निकाय सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## निगम प्रशासन और पार्षदों की अनदेखी से पोखरी घाट की चमक फीकी, युवाओं ने दिखाई जिम्मेदारी

**कोरिया कॉलरी।** छठ महापर्व का उत्साह जिले में चरम पर है, लेकिन कोरिया कॉलरी का प्रसिद्ध पोखरी छठ घाट इस बार प्रशासनिक लापरवाही की भेंट चढ़ता दिख रहा है। जहां हर साल हजारों श्रद्धालु सूर्य उपासना के लिए जुटते हैं, वहां इस बार भी तैयारियों की असली जिम्मेदारी नगर निगम नहीं बल्कि स्थानीय युवाओं ने निभाई है।

सुबह से शाम तक युवाओं ने घाट पर श्रमदान कर जलकुंभी और कचरे की सफाई की, इससे जल की स्वच्छता और घाट की सुंदरता दोनों में निखार आया। वहीं नगर निगम की ओर से सिर्फ दीवारों और चेकर टाइल्स पर ऊपरी पुताई कर खानापूर्ति कर दी गई। जगह-जगह टाइल्स टूटी हैं, पुताई के रंग फीके पड़ गए हैं और घाट के किनारों पर अब भी फिसलन की स्थिति बनी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर साल निगम केवल नाम मात्र की रंगाई-पुताई करता है, जबकि वास्तविक सफाई, मरम्मत और व्यवस्था का जिम्मा जनता ही संभालती है। अगर हम लोग आगे न आएं, तो श्रद्धालु यहां आने से भी हिचकिचाएं। एक



समाजसेवी ने बताया कि छठ व्रतियों और समाजसेवियों ने प्रशासन से मांग की है कि केवल दिखावे की सफाई नहीं, बल्कि स्थायी सुधार कार्य, बेहतर रोशनी, सुरक्षा प्रबंधन और स्वच्छ जल की व्यवस्था की जाए, ताकि श्रद्धालु निर्भय होकर आस्था का पर्व मना सकें। इस बार फिर कोरिया कॉलरी के युवाओं ने साबित कर दिया कि जब प्रशासन सोता है, तो जनता ही अपने पर्व और परंपराओं की मर्यादा बचाती है।

